पड़ोसी राज्यों के गांवों से आने वाले दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों को भत्तों का भुगतान

333. **श्री बृज मोहन :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम, दिल्ली प्रशासन और केन्द्रीय सरकार के उन कर्मचारियों को मकान किराया भत्ता, शहरी प्रतिपूर्ति भत्ता तथा अन्य सुविधाओं जैसी सभी सुविधाएं दी जाती हैं जो अपनी ड्यूटी करने के लिए सोनीपत, गुड़गांव, गाजियाबाद तथा दिल्ली के अन्य पड़ोसी गांवों से दिल्ली आते हैं ;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किन-किन जिलों के लिए मकान किराया भत्ता तथा शहरी प्रतिपूर्ति भत्ता दिये जाने की अनुमति है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो तो विभिन्न राज्यों के पड़ोसी गांवों से आने वाले कर्मचारियों को दिल्ली में रह रहे कर्मचारियों को दिये जाने वाले भत्तों के बराबर भत्ते दिये जाने के क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) जी, हां, श्रीमन् ।

(ख) इन भत्तों का दिया जाना ड्यूटी के स्थान से संबंधित है, निवास स्थान से नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भारत में बंगलादेशी राष्ट्रीय

384. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे कितने बंगलादेशी राष्ट्रिक हैं जो भारत आकर असम, पश्चिमी बंगाल, बिहार, दिल्ली और पंजाब पहुंच गये हैं, क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) स्वतंत्रता के पश्चात् कितने विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई है ; और

(ग) अब तक कितने आतंकवादी और तस्कर गिरफ्तार किये जा चुके हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) (क) भारत-बंगलादेश सीमा की पर्याप्त लम्बाई को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों में बंगला देश से होने वाली घुसपैठ को समाप्त नहीं किया जा सकता। ऐसे व्यक्तियों की संख्या उपलब्ध नहीं है। राज्यों को जैसे ही बंगलादेशी घुसपैठियों का पता लगे तो उनको बहार निकालने/वापस भेजने के स्थायी अनुदेश दिए गए हैं। जब भी उनका पता लगे विदेशी अधिनियम 1946 के तहत उनके विरुद्ध कारवाई करने की शक्तियां भी राज्य सरकारों में निहित हैं। उपलब्ध सूचना के अनुसार 1985 में 39,30 बंगलादेशी और 1986 (अक्तूबर, 1986 तक) में 36,240 बंगलादेशी जब वे भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे तो उन्हें वापस भेजा गया था।

(ख) 31-12-1985 तक 10,03,330 व्यक्तियों को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है ।

(ग) उपलब्ध सूचना के अनुसार 1–10–85 से 20–10–86 की अवधि के दौरान पंजाब राज्य में 1271 उग्रवादी/आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए तस्करों की संख्या के बारे में सूचना एकत्र की जा रही है।

Review of decision to increase the working hours of Government employees

385. SHRI J. P. GOYAL: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have taken a decision to increase the working hours of the Central Government employees by half-an-hour daily;

(b) if so, what are the details in this regard and from which date the decision has been made effective;